# विराट कोहली ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जड़ा अनोखा शतक




100वें मैच को यादगार बनाने में असफल रहे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैदान पर उतरते ही अपना नाम एक खास लिस्ट में दर्ज करा लिया। वह अपने घरेलू मैदान पर 100 वनडे खेलने वाले भारत के 5वें पुरुष क्रिकेटर बन गए हैं। कोहली से पहले सिर्फ 4 भारतीय खिलाड़ियों ने घर में 100 एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कोहली से पहले 100 घरेलू वनडे खेलने वाले 4 खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, एमएस धोनी, मोहम्मद अजहरुद्दीन और युवराज सिंह हैं। महान भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने 1990 और 2011 के बीच 164 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं और 97 जीत और 61 हार का हिस्सा थे। महान भारतीय कप्तान एमएस धोनी ने 2005 से 2019 तक 127 एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और 78 जीत और 43 हार का हिस्सा थे। उल्लेखनीय है कि इस मैच में कोहली ने 30 गेंदों में 3 चौके की मदद से 18 रन की पारी खेली। उन्हें ओडिन स्मिथ ने शाई होप के हाथों कैच कराया।

मोहम्मद अजहरुद्दीन ने घर पर 113 एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले थे और 70 जीत और 40 हार में शामिल थे। इसके अलावा, महान ऑलराउंडर, युवराज सिंह ने घर पर 108 एकदिवसीय मैच खेले और 65 जीत और 39 हार का हिस्सा थे। इस बीच पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली अब घर में 100 एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय मैचों का हिस्सा रहे हैं और 66 जीत और 29 हार (यह मैच शामिल नहीं है) में शामिल रहे हैं। इस तरह कोहली अपने घर में 100वें मैच को यादगार बनाने में असफल रहे।

# वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट दूसरे और रोहित तीसरे स्थान पर काबिज

क्रिकेट

## आइसीसी की हर हफ्ते जारी होने वाली ताजा पुरुष रैंकिंग सामने आई

- पहले स्थान पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम
- बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले आठ स्थान तक किसी तरह का कोई बदलाव नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आइसीसी की हर हफ्ते जारी होने वाली ताजा पुरुष रैंकिंग सामने आ गई है। बल्लेबाजों की रैंकिंग में पहले आठ स्थान तक किसी तरह का कोई बदलाव नहीं है। पाकिस्तान के बल्लेबाज फखर जमां ने 9वें स्थान पर जबकि इंग्लैंड के जो रूट ने 10वां स्थान हासिल किया है। भारत के विराट कोहली दूसरे नंबर पर बने हुए हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा तीसरे नंबर पर बरकरार हैं।

आइसीसी की जारी ताजा वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में पहले स्थान पर पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम हैं। 873 अंकों के साथ बाबर पहले नंबर पर जमे हुए हैं। 828 अंक के साथ विराट दूसरे जबकि 897 अंक लेकर भारत के कप्तान रोहित तीसरे नंबर पर हैं।




चौथे स्थान साउथ अफ्रीका के क्विंटन डिकाक हैं तो पांचवां नंबर आस्ट्रेलिया के कप्तान आरोन फिंच का है जिनके खाते में 779 अंक हैं।

भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेली जा रही तीन मैचों की सीरीज के पहले मैच में कोरोना संक्रमित होने की वजह से नहीं खेलने वाले शिखर धवन को एक पायदान का नुकसान हुआ है। 13वें नंबर के खिसककर वह 14वें स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी वनडे रैंकिंग की बात करें तो भारत के जसप्रीत बुमराह 7वें नंबर पर हैं। इसके अलावा कोई भी भारतीय टाप 10 में शामिल नहीं है। गेंदबाजी रैंकिंग में भी पहले 10 स्थान पर कोई बदलाव नहीं हुआ है।

न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट 737 अंकों के साथ पहले नंबर पर कायम हैं। दूसरा स्थान 709 अंक के साथ आस्ट्रेलिया के जोस हेजलवुड के पास है। इंग्लैंड के क्रिस वोक्स 700 अंकों के साथ तीसरे नंबर पर हैं।

# फिर पसंदीदा शॉट खेलने के चक्कर में आउट हुए विराट, ऐसे निकाला गुस्सा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अहमदाबाद। भारत और वेस्टइंडीज के बीच वनडे सीरीज का दूसरा मैच अहमदाबाद में खेला जा रहा है। कायरन पोलार्ड की जगह पर वेस्टइंडीज की कप्तानी कर रहे निकोलस पूरन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला किया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। कप्तान रोहित शर्मा सिर्फ 5 रन बनाकर आउट हो गए। रोहित के साथ पारी की शुरुआत करने उतरे ऋषभ पंत और कप्तान विराट कोहली भी बड़ी पारी नहीं खेल पाए।

पूर्व कप्तान विराट कोहली काफी समय से बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। उन्होंने अगस्त 2019 में वनडे क्रिकेट में आखिरी



शतक लगाया था। इस मैच में विराट पिच पर सेट दिख रहे थे, लेकिन 30 गेंद पर 18 रन बनाने के बाद वे ओडियन स्मिथ का शिकार बने। विराट एक बार फिर अपना शॉर्ट खेलने की कोशिश में आउट हुए। उन्होंने गेंद को कवर–मिड ऑफ के बीच में ड्राइव करने की कोशिश की, लेकिन वह उनके बल्ले का बाहरी किनारा लेकर विकेटकीपर शाई होप के हाथों में चली गई। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर भी वे कई बार ड्राइव खेलने की कोशिश में आउट हुए थे। आउट होने के बाद विराट कोहली खुद पर काफी नाराज दिखे। उन्होंने बल्ले पर हाथ मारा और चिल्लाते हुए पवेलियन की तरफ लौटने लगे। सीरीज के पहले मैच में भी विराट बड़ी पारी नहीं खेल पाए थे। उन्होंने पिच पर उतरते ही दो चौके लगाए थे, लेकिन उसी ओवर में पुल शॉट खेलने की कोशिश में आउट हो गए। दक्षिण अफ्रीका दौरे पर उन्होंने तीन पारियों में दो अर्धशतक लगाए थे, लेकिन वेस्टइंडीज के खिलाफ लगातार दो मैच में फेल हो गए।

वेस्टइंडीज के खिलाफ इस सीरीज से पहले उम्मीद की जा रही थी कि विराट कोहली बड़ी पारी खेलेंगे। उन्होंने वनडे में सबसे ज्यादा 9 शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ ही लगाए हैं।

## आईपीएल नीलामी में सभी टीमों के लिये बराबरी का मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरू। दिल्ली कैपिटल्स टीम के प्रतिभा तलाश प्रमुख सबा करीम का मानना है कि इस साल आईपीएल नीलामी में सभी टीमों के लिये बराबरी का मौका है जिससे घरेलू क्रिकेटरों के लिये स्वस्थ माहौल बन गया है । आईपीएल नीलामी 12 और 13 फरवरी को बेंगलुरु में होगी। दो नयी टीमों अहमदाबाद और बेंगलुरु को शामिल किया गया है। दिल्ली की टीम 2020 में फाइनल में पहुंची थी और पिछले साल प्लेआफ खेला था। पिछले तीन सत्र में शिखर धवन, श्रेयस अय्यर, ऋषभ पंत और रविचंद्रन अश्विन जैसे खिलाड़ी टीम की सफलता के सूत्रधार रहे। करीब ने एक विज्ञप्ति में कहा ,''हमें लचीला रूख अपनाना होगा। कोर खिलाड़ियों के रहने से टीम को फायदा मिलता है क्योंकि 11 में से सात घरेलू खिलाड़ी होते हैं ।' 'उन्होंने कहा ,'' अनुभवी और नये खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण जरूरी है । आपके पास चार विदेशी खिलाड़ी भी हैं तो सभी टीमों के पास बराबरी का मौका है । सभी की नजरें घरेलू प्रतिभाओं पर होंगी । इससे घरेलू क्रिकेटरों के लिये स्वस्थ माहौल बनेगा।''

## न्यूज डायरी



## जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के करियर पर सवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** लंदन। टेस्ट क्रिकेट में इंग्लैंड के लिए सर्वाधिक विकेट लेने वाले जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड को अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। दोनों गेंदबाजों को यह भी आश्वासन नहीं मिला है कि उनका टेस्ट करियर बचा है। एशेज सीरीज में ऑस्ट्रेलिया के हाथों 4–0 से हार के बाद इंग्लैंड टीम आमूलचूल बदलाव की प्रक्रिया में है। मुख्य कोच, सहायक कोच और क्रिकेट निदेशक के अलावा आठ खिलाड़ियों को हटा दिया गया है। ब्रॉड और एंडरसन के अलावा उपकप्तान जोस बटलर, डेविड मलान, सैम बिलिंग्स, डोम बेस, रोरी बर्न्स और हसीब हमीद को भी टीम में जगह नहीं मिली है। पूर्व टेस्ट कप्तान और एश्ले जाइल्स के जाने के बाद अंतरिम क्रिकेट निदेशक बने एंड्रयू स्ट्रॉस ने कहा, 'नए सत्र की शुरुआत के साथ चयन समिति ने नए सिरे से टेस्ट टीम चुनी है।' उन्होंने 39 वर्ष के एंडरसन और 35 वर्ष के ब्रॉड के बारे में कहा, 'मैं कहना चाहता हूं कि उनके लिये दरवाजे बंद नहीं हुए हैं।

## न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच टी20 क्रिकेट सीरीज रद्द

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वेलिंगटन। क्रिकेट पर कोरोना का साया जारी है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच अगले महीने होने वाली तीन मैचों की टी20 क्रिकेट सीरीज कोरोना से जुड़े सीमा प्रतिबंधों के कारण रद्द कर दी गई है। ऑस्ट्रेलिया ने पिछले साल नवंबर में टी20 विश्व कप फाइनल में न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया था। दोनों टीमों को 17 से 20 मार्च तक नेपियर में तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलनी थी। लेकिन अब इसे रद्द करने का फैसला किया गया है। ओमीक्रोन वैरिएंट के आने के बाद से न्यूजीलैंड ने अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को दोबारा खोलने का फैसला टाल दिया है। और इसी का असर है कि सीरीज नहीं खेली जा सकती। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने क्वॉरन्टीन का इंतजाम नहीं किया है और सीरीज रद्द करने की यह सबसे बड़ी वजह है। इस साल ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के मद्देनजर इस टूर्नामेंट को अहम माना जा रहा था। ऑस्ट्रेलिया इस टूर्नामेंट की मौजूदा विजेता है।

## बल्लेबाजों का लचर प्रदर्शन न्यूजीलैंड से टी20 मैच हारी भारतीय महिला टीम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** क्वींसटाउन। अपने बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण भारतीय महिला टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को एकमात्र टी20 क्रिकेट मैच में 18 रन से पराजय का सामना करना पड़ा। सीनियर सलामी बल्लेबाज और उपकप्तान स्मृति मंधाना की कमी टीम को खली जो यह मैच नहीं खेली थी। जीत के लिए 156 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 18 रन पीछे रह गई। मंधाना की जगह पारी की शुरुआत करने वाली यस्तिका भाटिया ने 26 गेंद में 26 रन बनाए लेकिन न्यूजीलैंड के गेंदबाजों ने जल्दी ही दबाव बना लिया। भाटिया और शेफाली वर्मा ने पहले विकेट के लिए 4.1 ओवर में 41 रन जोड़े जो भारत के लिए सबसे बड़ी साझेदारी थी। शेफाली ने 14 गेंद में 13 रन ही बनाए। वहीं कप्तान हरमनप्रीत कौर भी फॉर्म में नहीं थीं जो 13 गेंद में 12 रन ही बना सकीं। भारत के लिए सर्वाधिक रन अनुभवहीन एस मेघना (डमहीद) ने बनाए।

## दूसरा वनडे देखने पहुंची अंडर–19 टीम, सीनियर खिलाड़ियों से नहीं होगी मुलाकात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अहमदाबाद। हाल ही में कैरेबियाई धरती पर आइसीसी अंडर–19 वर्ल्ड कप 2022 जीतने वाली टीम इंडिया के खिलाड़ी बुधवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मेन इन ब्लू और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की सीरीज का दूसरा एकदिवसीय मैच देखने पहुंचे। यश ढुल की कप्तानी वाली टीम ने शनिवार को विश्व कप के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड को हरा दिया और रिकार्ड पांचवीं बार ट्राफी अपने नाम की। टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। एक भी मैच नहीं हारी। गौरतलब है कि अंडर – 19 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टीम स्वदेश पहुंच गई है।